https://www.upboardonline.com

III-6

प्रश्न-पुस्तिका
तृतीय सेमेस्टर-2017
षष्टम् प्रश्न-पत्र
(हिन्दी)

समय : 1.00 घण्टे] [पूर्णांक : 25

निर्देश :

1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न के निर्धारित अंक प्रश्न के सम्मुख दिये गये हैं।
2. इस प्रश्न पत्र मे तीन प्रकार के प्रश्न हैं। वस्तुनिष्ठ प्रश्नो के सही विकल्प छाँटकर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखें। अति लघु उत्तरीय प्रश्नो के उत्तर लगभग तीस (30) शब्दो में, लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग पचास (50) शब्दों मे लिखिए।

वस्तुनिष्ठ प्रश्न

1. प्राथमिक स्तर पर बच्चों में भाषा का विकास किया जाना चाहिए- 1

(1) वर्णमाला के द्वारा

(2) लेखन के द्वारा

(3) वार्तालाप के द्वारा

(4) सुलेख के द्वारा

2. 'रात्रि' का पर्याय नहीं है- 1

(1) यामिनी

(2) विभावरी

(3) रैन

(4) सौदामिनी

3. 'विमुख' का विपरीतार्थक शब्द है- 1

(1) अमुख

(2) उन्मुख

(3) सुमुख

(4) निर्मुख

4. 'आँखें खुलना' मुहावरे का अर्थ है- 1

(1) आँख से दिखना

(2) जल्दी उठना

(3) होश में आना

(4) समय पर जागना

https://www.upboardonline.com

https://www.upboardonline.com

5. 'अत्यधिक' शब्द में प्रयुक्त उपसर्ग है- 1

(1) अत्य

(2) अत्

(3) अति

(4) अ

अति लघुउत्तरीय प्रश्न

6. 'उछाह' और 'चितेरा' शब्द का तत्सम रूप लिखिए। 1

7. 'जो सबके उपयोग के लिए हो' वाक्यांश के लिए एक शब्द लिखिए। 1

8. 'नील कमल-सी मुख-प्रभा, सरस-सुधा से बोल' पंक्ति में प्रयुक्त अलंकार लिखिए। 1

9. 'आकाश का चाँद हाथ आना' मुहावरे का अर्थ क्या है ? 1

10. 'वीणा वादिनी वर दे' पंक्ति के रचयिता कौन हैं ? 1

11. चतुर्दिक् और यथाविधि शब्दों में प्रयुक्त समास के नाम लिखिए। 1

लघु उत्तरीय प्रश्न

12. भाषा शिक्षण में सस्वर वाचन का क्या महत्व है ? 2

13. वर्तनी सम्बन्धी अशुद्धियों के क्या कारण हैं ? संक्षेप में लिखिए। 2

14. बच्चों मे कहानी लेखन के प्रति कल्पना व चिन्तन का कौशल किस प्रकार विकसित किया जा सकता है ? सोदाहरण स्पष्ट कीजिए। 2

15. कारक किसे कहते हैं ? अपादान कारक को सोदाहरण संक्षेप में स्पष्ट कीजिए। 2

16. वाक्य में प्रश्नसूचक और विस्मयसूचक चिह्न कब प्रयोग किए जाते हैं ? सोदाहरण स्पष्ट कीजिए। 2

17. उपसर्ग और प्रत्यय में क्या अन्तर है ? सोदाहरण स्पष्ट कीजिए। 2

18. आरम्भिक स्तर पर बच्चों में पठन क्षमता कैसे विकसित की जा सकती है ? सोदाहरण स्पष्ट कीजिए। 2

●●●

https://www.upboardonline.com